राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7 / 23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226027
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 2059/241 / एनयूएलएम / तीन / 2001(CB&T) TC-II   दिनांक 15/07/19

1. समस्त परियोजना अधिकारी / सहा0 परियोजना अधिकारी,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण
   उ0प्र0।

2. समस्त शहर मिशन प्रबन्धक,
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई,
   उ0प्र0।

विषयः–परियोजना अधिकारियों एवं शहर मिशन प्रबन्धकों द्वारा सी0यू0जी0 सिम उपयोग न किये जाने के संबंध में।

प्रायः यह देखा जा रहा है कि अधिकांश जनपदों के शहर मिशन प्रबन्धक एवं परियोजना अधिकारी सूडा, उ0प्र0 द्वारा उपलब्ध कराये गये सी0यू0जी0 नम्बर का उपयोग न करके अपने व्यक्तिगत नम्बर से वार्ता एवं व्हाट्सएप को प्रयोग में लाया जा रहा है। शहर मिशन प्रबन्धकों को मासिक समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रत्येक दिवस अपनी ऑनलाइन लोकेशन को मुख्यालय स्तर पर बनाये गये एस0यू0एल0एम0 अटेन्डेन्स व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजना होता है, परन्तु अधिकांश शहर मिशन प्रबन्धकों द्वारा अपने व्यक्तिगत नम्बर से ऑनलाइन लोकेशन उक्त ग्रुप में भेजा जा रहा है जो उचित नहीं है। इससे डाटा संकलन में समस्यायें आ रही है। शहर मिशन प्रबन्धकों द्वारा व्यक्तिगत नम्बर से वार्ता एवं लोकेशन व्हाट्सएप मैसेज से भेजे जाने के कारण एस0यू0एल0एम0, उ0प्र0 के राज्य मिशन प्रबन्धकों का अनावश्यक रुप से समय व्यर्थ हो रहा है, यह अत्यन्त खेदजनक है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), उ0प्र0 से उपलब्ध कराये गये सी0यू0जी0 नम्बर का प्रयोग वार्ता करने एवं व्हाट्सएप हेतु करना सुनिश्चित करें, अन्यथा सी0यू0जी0 नम्बर वापस लेते हुए मुख्यालय स्तर से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जारी 15/07/19

भवदीय

o/c (उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समस्त परियोजना निदेशक / सिटी प्रोजेक्ट आफिसर, जिला नगरीय विकास अभिकरण / शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, उ0प्र0।
2. सहायक वेबमास्टर, सूडा उ0प्र0 को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

o/c (उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक